राजकीय मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में खुलेंगी 9 पुलिस चौकियाँ

चर्चा में क्यों?

3 मई, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में राजकीय मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में 9 पुलिस चौकियों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रमुख बिंदु

- यह पुलिस चौकियाँ राजकीय जनाना अस्पताल मेडिकल कॉलेज भरतपुर, राजकीय हरबिक्श कांवटिया चिकित्सालय जयपुर, टी.बी. अस्पताल शास्त्रीनगर जयपुर, राजकीय डेंटल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल सुभाष नगर जयपुर, आर.यू.एच.एस. मेडिकल कॉलेज जयपुर, एस.आर. गोयल सैटेलाईट अस्पताल सेठी कॉलोनी जयपुर, राजकीय आर.डी.बी.पी. जयपुरिया अस्पताल जयपुर, राजकीय मनोचिकित्सालय, ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर एवं राजकीय जे.के.लोन मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कोटा में स्थापित होंगी।
- इन चौकियों में प्रत्येक में 1 उप निरीक्षक तथा 6 कॉन्स्टेबल अर्थात् कुल 9 उपनिरीक्षक तथा 54 कॉन्स्टेबल के पदों का सृजन भी किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने बजट वर्ष 2023-24 में प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध चिकित्सालयों में पुलिस चौकियाँ खोलने की घोषणा की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/9-police-posts-will-be-opened-in-hospitals-affiliated-to-government-medical-colleges